# आकाशवाणी शिमला
## 05.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेश की प्राकृतिक धरोहर, स्वच्छ पर्यावरण व नशामुक्त हिमाचल के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से स्वच्छ पर्यावरण व नशामुक्त जीवन विषय पर आयोजित मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्वच्छ पर्यावरण और शुद्ध वायु से समृद्ध राज्य है और विकास कभी भी पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्त समाज ही उज्जवल भविष्य की आधारशिला हैं।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शिमला के रिज मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में सभी वर्गों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पूरे उत्तर भारत को स्वच्छ जल और शुद्ध वायु उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिस कारण इसे लंग्स ऑफ नॉर्थ इंडिया कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने सभी से पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आग्रह भी किया।

इस बीच मुख्यमंत्री ने ओकओवर शिमला में चिनार वृक्षारोपण अभियान के पहले चरण का शुभारंभ भी किया।

**हर्ष महाजन**

भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि प्रदेश में हाल ही में हुए स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भाजपा को मिले भारी जनसमर्थन से कांग्रेस की राजनीतिक विदाई यात्रा शुरू हो चुकी है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से अब छुटकारा चाहती है और आने वाले समय में ये जन आक्रोश और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। हर्ष महाजन ने कहा कि कांग्रेस इन चुनावों में अपनी हार की समीक्षा करने के बजाए जनता के फैसले को ही छोटा साबित करने की कोशिश कर रही है।

**जनगणना चंबा**

चंबा जिला में जनगणना 2027 के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए लगभग एक हज़ार चार सौ अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। चम्बा के उपायुक्त व जिला जनगणना अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने जिले के सभी नागरिकों से जनगणना के दौरान सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है, ताकि सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं व जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके।

**एमओयू**

राज्य सरकार और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यू.एन.डी.पी ने प्रदेश में जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूल, समावेशी व सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा संग्रहण के लिए इलैक्ट्रिक मोबिलिटी और अन्य जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूल विकास प्राथमिकताओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग किया जाएगा। समझौते में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण को भी शामिल किया गया है।

---